बुधवार
01 फरवरी 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज

भोजपुर में प्रोफेसर दंपति हत्याकांड में कातिल चिन्हित, हिरासत में कई संदिग्ध 2

भारत में आज स्थिर, निडर और बड़े सपनों के लिए काम करने वाली सरकार : राष्ट्रपति

एजेंसी/नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र की शुरुआत मंगलवार को हुई। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने आतंकवाद, इंफ्रास्ट्रक्चर, मेड इन इंडिया, ग्रीन ग्रोथ जैसे मुद्दों पर बात की और कहा कि यह सरकार बिना डरे काम कर रही है। राष्ट्रपति ने सर्जिकल स्ट्राइक, आतंकवाद पर सख्ती और आर्टिकल 370 हटाने जैसे अहम फैसलों का जिक्र किया। राष्ट्रपति ने देश की जनता का आभार जताया कि उन्होंने लगातार दो कार्यकाल स्थायी सरकार चुनी। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में कहा कि भारत ने उस सोच को बदला है, जो प्रगति और प्रकृति को परस्पर विरोधी मानती थी। मेरी सरकार ग्रीन ग्रोथ पर ध्यान दे रही है और पूरे विश्व को मिशन लाइफ से

जोड़ने पर बल दे रही है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि देश का एविएशन सेक्टर तेजी से आगे बढ़ रहा है। आज भारत दुनिया का तीसरा बड़ा एविएशन बाजार बन चुका है। राष्ट्रपति ने कहा कि आजादी के अमृतकाल में देश पंच प्रेरणा से आगे बढ़ रहा है। जिसमें गुलामी के हर निशान, हर मानसिकता से मुक्ति दिलाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसके तहत ही राजपथ अब कर्तव्य पथ बन चुका है।

हम ऐसा भारत बनाएंगे जिसमें गरीबी न हो

राष्ट्रपति ने कहा कि हम ऐसा भारत बनाएंगे, जिसमें गरीबी न हो। आज भारत में स्थिर, निडर, निर्णायक और बड़े सपनों के लिए काम करने वाली सरकार है। अमृतकाल का यह 25 वर्ष का कालखंड, स्वतन्त्रता की स्वर्णिम शताब्दी का, और विकसित भारत के निर्माण का कालखंड है। राष्ट्रपति ने कहा कि पहले टैक्स रिफंड के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था। आज आइटीआर भरने के कुछ ही दिनों के भीतर रिफंड मिल जाता है। आज जीएसटी से पारदर्शिता के साथ-साथ करदाताओं की गरिमा भी सुनिश्चित हो रही है। जनधन-आधार-मोबाइल से फर्जी लाभार्थियों को हटाने से लेकर वन नेशन वन राशन कार्ड तक, एक बहुत बड़ा स्थाई सुधार हमने किया है।

आयुष्मान योजना का लोगों को मिल रहा लाभ

बीते वर्षों में डीबीटी के रूप में, डिजिटल इंडिया के रूप में, एक स्थाई और पारदर्शी व्यवस्था देश ने तैयार की है। आयुष्मान भारत योजना ने देश के करोड़ों गरीबों को और गरीब होने से बचाया है, उनके 80 हजार करोड़ रुपए खर्च होने से बचाए हैं। जल जीवन मिशन के तहत तीन वर्षों में करीब 11 करोड़ परिवार पाइप वाटर सप्लाई से जुड़ चुके हैं। इसका सबसे ज्यादा लाभ गरीब परिवारों को ही हो रहा है। मेरी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के लिए काम किया है। सरकार के प्रयासों का नतीजा है कि अनेक मूल सुविधाएं आज या तो शत-प्रतिशत आबादी तक पहुंच चुकी हैं या फिर उस लक्ष्य के बहुत निकट हैं।

प्राथमिकता में देश के 11 करोड़ छोटे किसान

सरकार ने पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना को नई परिस्थितियों के अनुसार आगे भी चलाने का निर्णय लिया है। यह एक संवेदनशील और गरीब-हितैषी सरकार की पहचान है। मेरी सरकार ने हर उस समाज की इच्छाओं को पूरा किया है, जो सदियों से वंचित रहा है। ग्मेरी सरकार की प्राथमिकता में देश के 11 करोड़ छोटे किसान हैं। ये छोटे किसान, दशकों से, सरकार की प्राथमिकता से वंचित रहे थे। अब इन्हें सशक्त और समृद्ध करने के लिए हर तरह की कोशिश की जा रही है। सरकार ने अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की आकांक्षा को जगाया है। ये वही वर्ग है जो विकास के लाभ से सबसे अधिक वंचित था।

भ्रष्टाचार लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन

दुनिया में जहां भी राजनीतिक अस्थिरता है, वो देश संकट से घिरे हैं। हमारी सरकार ने जो निर्णय लिए, उससे भारत आज बाकी दुनिया से बेहतर स्थिति में है। मेरा स्पष्ट मत है कि भ्रष्टाचार सामाजिक न्याय और लोकतंत्र का सबसे बड़ा दुश्मन है। हमने निश्चित किया की ईमानदार का सम्मान होगा। भ्रष्टाचारियों की जगह नहीं रहेगी। आज सरकारी कामों में टेंडर और खरीद के लिए ई-मार्केट प्लेस की व्यवस्था है। इसमें 3 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का ट्रांजैक्शन हुआ। राष्ट्र निर्माण में ईमानदार योगदान देने वालों को सम्मान दिया जाता है। इनकम टैक्स फाइलिंग में जटिलता खत्म कर देशवासियों का जीवन आसान बनाया गया।

महिलाओं को हर क्षेत्र में बढ़ावा देने पर जोर

सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि किसी भी काम, किसी भी कार्यक्षेत्र में महिलाओं के लिए कोई बंदिश न हो। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की सफलता आज हम देख रहे हैं। देश में पहली बार पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या अधिक हुई है एवं महिलाओं का स्वास्थ्य भी पहले के मुकाबले और बेहतर हुआ है। आज भारत में मैन्युफेक्चरिंग की अपनी कैपेसिटी भी बढ़ रही है और दुनिया भर से भी मैन्युफेक्चरिंग कंपनियां भारत आ रही हैं। सरकार की पहल के परिणामस्वरूप हमारा रक्षा निर्यात छह गुना हो गया है। सरकार देश के विकास के लिए जिस स्पीड और स्केल पर काम कर रही है, वह अभूतपूर्व है, अतुलनीय है।

निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेने निकले सीएम नीतीश कुमार, दिए निर्देश

लोहिया पथ चक्र प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य तेजी से पूरा करें

केटी न्यूज/पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को लोहिया पथ चक्र प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने लोहिया पथ चक्र प्रोजेक्ट के दूसरे फेज के निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और जून तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने डायग्राम के माध्यम से निर्माण कार्य, कनेक्टिविटी आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि लोहिया पथ चक्र प्रोजेक्ट काफी महत्वपूर्ण है। विशेषज्ञों से राय लेकर इसपर काम किया जा रहा है। इसका निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। शहर के महत्वपूर्ण मार्गों के आपस में जुड़ने से लोगों के लिए आवागमन आसान होगा। भूमिगत केबल, ड्रेनेज सहित अन्य जरूरी कार्यों को बेहतर ढंग से कराएं। लोहिया पथ चक्र जब बनकर तैयार हो जाएगा तो बाहर से लोग इसे देखने आएंगे।

चार लेन का अंडरपास स्वैप, ग्रेड से अलग यू-टर्न और मल्टी सेक्शनल इंटरचेंज तकनीक पर आधारित कार्यों के बारे में भी जानकारी दी। लोहिया पथ चक्र में बोरिंग कैनाल रोड, दारोगा राय पथ, विश्वेश्वरैया भवन और बिहार संग्रहालय से लोग इंट्री कर सकेंगे और स्वैप तकनीक से अपनी लेन बदल सकते हैं। इस प्रोजेक्ट में बिहार संग्रहालय से नेहरू पथ पर अटल पथ तक बनाए जा रहे

फ्लाईओवर से भी ट्रैफिक आसान होगा। मुख्यमंत्री ने दारोगा राय पथ पर मछली मार्केट के पास नेहरू पथ पर एक फ्लाईओवर और एक अंडरपास के निर्माण कार्य की प्रगति को देखा और विस्तृत जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने बोरिंग कैनाल रोड से सहदेव महतो मार्ग के पास मोहिनी मोड़ से शुरू होकर बननेवाले अंडरपास को भी देखा। यह बोरिंग कैनाल रोड से होते हुए दारोगा राय पथ पर आर ब्लॉक की ओर जानेवाले ट्रैफिक को कम करेगा। निरीक्षण के दौरान वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पथ निर्माण सह स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह आदि उपस्थित थे।

स्व ललित नारायण मिश्र की प्रतिमा का अनावरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को नेहरू पथ स्थित ललित भवन में स्व. ललित नारायण मिश्र की प्रतिमा का अनावरण किया और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने ललित भवन में बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड, पटना के कार्यालय परिसर का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया ।मुख्यमंत्री ने ललित भवन परिसर में बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड, पटना के प्रशासनिक भवन का भी शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया गया।

इंटर परीक्षा आज से, बच्चों के जूता मोजा पहन कर केंद्र में प्रवेश पर रोक

पटना। बिहार में इंटरमीडिएट परीक्षा 1 फरवरी से शुरू हो रही है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने मंगलवार को बताया कि इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 बुधवार से शुरू होकर 11 फरवरी तक चलेगी। इसके लिए पूरे राज्य भर में 1464 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस वर्ष 13 लाख 18227 विद्यार्थी हैं जिसमें 636432 छात्राएं एवं 682795 छात्र परीक्षा में सम्मिलित होंगे। उन्होंने कहा कि पहली बार बोर्ड सभी परीक्षा देने वाले छात्रों को यूनिक आईडी दिया गया है। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई है। परीक्षा शुरू होने से 10 मिनट पहले तक ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र में परीक्षा देने वाले शिक्षकों को भी मोबाइल नहीं रखने का निर्देश दिया गया है। वहीं हर 25 परीक्षार्थियों पर एक शिक्षक की प्रतिनियुक्ति होगी। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा होगी। परीक्षा में बच्चे जूता मोजा पहन कर केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति नही होगी। परीक्षा की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है।

सीएम का ऐलान... विशाखापट्टनम होगी आंध्र प्रदेश की नई राजधानी

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने मंगलवार को घोषणा की कि विशाखापट्टनम शहर राज्य की राजधानी बनने जा रहा है। उन्होंने दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, मैं आप सभी को विशाखापट्टनम आमंत्रित करने आया हूं जो आने वाले दिनों में हमारी राजधानी बनने जा रहा है। मैं भी आने वाले महीनों में विशाखापट्टनम में शिफ्ट हो जाऊंगा। इससे पहले, रेड्डी ने विशाखापट्टनम को राज्य प्रशासन की सीट के रूप में प्रस्तावित करते हुए यह स्पष्ट कर दिया था कि राज्य का भविष्य डिसेंट्रलाइज्ड डेवलपमेंट में है। मुख्यालय के रूप में यह राज्य के राज्यपाल का आधार भी होगा, जबकि विधायिका अमरावती से कार्य करेगी। उन्होंने कहा था कि 1956 में तत्कालीन मद्रास राज्य से आंध्र के अलग होने के बाद हाई कोर्ट को कुरनूल ले जाया जाएगा, जो कभी राजधानी हुआ करता था। रेड्डी का मानना है कि राज्य भर में कार्यकारी, विधायी और न्यायिक कार्यों की सीटों का वितरण, समान क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देगा।

गया में शराब की सूचना पर छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर हमला, छह जवान घायल

केटी न्यूज/पटना

- गया जिला के शेरघाटी थाना क्षेत्र के नीमा गांव में 2 से 3 सौ लोगों ने बोला हमला
- पुलिसकर्मियों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई

गया जिला के शेरघाटी थाना क्षेत्र के नीमा गांव में शराब की सूचना पर छापेमारी करने गई उत्पाद विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इस हमले में उत्पाद विभाग के 6 पुलिसकर्मी घायल हो गए। जबकि वाहन का शीशा भी तोड़ दिया गया। पुलिसकर्मियों ने भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई। इसके बाद शेरघाटी, चेरकी, बोधगया और अन्य थाना दल-बल के साथ दुबारा घटनास्थल पहुंचे, जहां से क्षतिग्रस्त गाड़ी को लाया गया और सभी घायल व्यक्तियों को मगध मेडिकल कॉलेज में बेहतर इलाज के लिए भेजा गया है। इस संबंध में उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि जिले के शेरघाटी थाना क्षेत्र के नीमा गांव में शराब उत्पादन करने एवं बेचने की गुप्त सूचना मिली थी। जिसके बाद टीम के साथ उक्त गांव में छापामारी करने गए। छापामारी के दौरान एक महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। इससे आक्रोशित नीमा गांव के ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। लगभग 2 से 3 सौ लोगों ने पथराव किया। जिससे वाहन का शीशा टूट गया. वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। इस दौरान 5 से 6 पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दो से तीन जवान मामूली रूप से घायल हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही हैं। शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। हमला करने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

वित्तमंत्री निर्मला सीतामण ने पेश किया वित्त वर्ष 2023-24 का इकोनॉमिक सर्वे

इस साल 6.5% रह सकती है अर्थव्यवस्था की विकास दर

एजेंसी/नई दिल्ली

बजट 2023 से पहले संसद में बजट सत्र की शुरूआई हुई। इस दौरान वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए इकोनॉमी ग्रोथ के अनुमानों के साथ इकोनॉमिक सर्वे पेश किया। इस इकोनॉमिक सर्वे 2023 की रिपोर्ट में कहा गया है कि देश की अर्थव्यवस्था की विकास दर 2023-24 में चालू वित्त वर्ष के सात प्रतिशत की तुलना में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। हालांकि, इसके बावजूद भारत दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनीं रहेगी। इकोनॉमिक सर्वे में इस बात का जिक्र है कि भारतीय

अर्थव्यवस्था सभी क्षेत्रों में व्यापक आधार पर सुधार कर रही है, जो आगे बढ़ने की स्थिति में है और यह फिजिकिल ईयर 23 में पूर्व-महामारी विकास पथ पहुंच गई है। नवंबर 2022 में खुदरा मुद्रास्फीति आरबीआई की लक्ष्य सीमा के भीतर वापस आ गई है।

अप्रैल-नवंबर 2022 की अवधि के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह में उछाल बना हुआ है। घटती शहरी बेरोजगारी दर और कर्मचारी भविष्य निधि में तेजी से शुद्ध पंजीकरण में रोजगार सृजन में वृद्धि देखी गई। वित्त वर्ष 2011 में 1.6% के मुकाबले स्वास्थ्य क्षेत्र पर केंद्र और राज्य सरकार का बजटीय व्यय वित्त वर्ष 23 (बजट अनुमान) में सकल घरेलू उत्पाद का 2.1% और वित्त वर्ष 22 (संशोधित अनुमान) में 2.2% तक पहुंच गया।

राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन की शुरुआत

इकोनॉमिक सर्वे के अनुसार शेड्यूल कमर्शियल बैंक यानी एससीबी का ग्रॉस नॉन-परफॉर्मिंग ऐसेट अनुपात सात साल के निचले स्तर 5.0 पर आ गया है। सर्वेक्षण बहुआयामी गरीबी सूचकांक पर यूएनडीपी की 2022 की रिपोर्ट के निष्कर्षों पर प्रकाश डालता है जो कहता है कि 2005-06 और 2019-20 के बीच भारत में 41.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले। भारत ने 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य हासिल करने के लिए नेट जीरो प्रतिज्ञा की घोषणा की। 2047 तक भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में स्वावलंबी बनाने के लिए राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन शुरू किया गया। इकोनॉमिक सर्वे के मुताबिक, भारत के पास इस समय पर्याप्त फॉरेक्स रिजर्व है। इसके साथ ही भारत का प्रदर्शन भी काफी बेहतर है। वित्त वर्ष 2023 के पहले 8 महीने में कैपेक्स करीब 63 फीसदी बढ़ा है।

खबरें फटाफट

मोबाइल दुकान से लाखों की चोरी

जहानाबाद। मखदुमपुर थाना क्षेत्र के नवाबगंज बाजार स्थित एक मोबाइल की दुकान से अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए के सामान उड़ा लिए। पीड़ित व्यवसाई ने बताया कि सोमवार की शाम दुकान बंद कर घर चले गए थे। वहीं मंगलवार को जब दुकान खोलने आया तो दुकान का सारा सामान बिखरा देखा। दुकान से कई कंपनियों के 2 दर्जन से अधिक मोबाइल, लैपटॉप, घड़ी, टॉर्च, हार्ड डिस्क समेत कई सामानों की चोरी अज्ञात चोरों ने कर लिया है। इस बाबत मखदुमपुर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ आवेदन दिया गया है। थाना अध्यक्ष रवि भूषण ने बताया कि पुलिस ने आवेदन के आधार पर जांच में जुट गई है।

ट्रेन के आगे कूद कर दी जान

जहानाबाद। स्थानीय रेलवे स्टेशन के समीप एक युवक ने ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी। घटना मंगलवार को समय करीब 1:30 बजे के करीब की है। जहां पटना से गया जा रही थी कि अचानक ट्रेन के निचे युवक ने छलांग लगा दी। जिससे घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई। देखते ही देखते घटना स्थल पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की सूचना पर तत्काल रेलवे थाना पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृत युवक की पहचान के लिए उसकी जेब में रखे मोबाइल से सीम निकाला गया और उसे दूसरे मोबसइल में तीन नम्बर पर डायल करने पर युवक की पहचान हुई। रेलवे थानाध्यक्ष ने बताया कि मृत युवक की पहचान गया जिला अंतर्गत कोच थाना क्षेत्र के सलोनी बिगहा निवासी बबन यादव के बेटे के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि परिवार वालों को सूचना दी गई है। परिजनों से ही जानकारी मिल पायेगी कि आखिर युवक ने आत्म हत्या किस कारण से की।

नियमित टीकाकरण का 99 प्रतिशत लक्ष्य हासिल, जिसे 100% करना जरूरी: सीएस

केटी न्यूज/बक्सर

- नियमित टीकाकरण को सुदृढ़ करने को लेकर सदर व राजपुर प्रखंड की एएनएम को दिया गया प्रशिक्षण
- नियमित टीकाकरण के पूर्ण लक्ष्य को प्राप्ति के लिए दिए गए दिशा निर्देश

राज्य सरकार नियमित टीकाकरण के तहत पूर्ण प्रतिरक्षण के शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कृतसंकल्पित है। इस संबंध में नियमित रूप से दिए जाने वाले टीके के स्तर को बढ़ाने को लेकर सभी प्रयास किये जा रहे हैं। इस क्रम में मंगलवार को नियमित टीकाकरण के सुदृढीकरण को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ ने की। उन्होंने प्रशिक्षण में मौजूद एएनएम को बताया कि नियमित टीकाकरण को सुचारू और व्यवस्थित ढंग से सुदृढ़ बनाना है। जिस प्रकार कोविड-19 संक्रमण काल में टीकाकरण को बाधित नहीं होने दिया गया, वैसे ही हमें इसे और आगे ले जाना है। ताकि टीकाकरण से कोई भी बच्चा ना छूटे।

राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम को और मजबूत बनाने के लिए नियमित टीकाकरण का माइक्रोप्लान, ड्यू लिस्ट व संचार कार्य योजना को और बेहतर ढंग से तैयार करने की जरुरत महसूस की गई है। इसीलिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में नियमित टीकाकरण का लक्ष्य 99 प्रतिशत प्राप्त हो चुका है। इसे 100 प्रतिशत करना है। इस दौरान 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दिए जाने वाले विभिन्न टीकों के अलावा बच्चों के टीकाकरण करने के तरीके के बारे में विशेष प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह, यूनिसेफ की एसएमसी शगुफ्ता जमील, यूएनडीपी के कोल्ड चेन मैनेजर मनीष कुमार श्रीवास्तव, सदर बीसीएम प्रिंस कुमार सिंह, केयर के आलोक कुमार तथा सदर व राजपुर प्रखंड की एएनएम मौजूद रहीं।

प्रषिक्षण में शामिल एएनएम

एएनएम को मिली टीकों की जानकारी

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. राज किशोर सिंह ने कार्यशाला के दौरान वहां मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को बताया कि 0 से 12 महीने तक के बच्चे को टीबी, पोलियो, डिप्थीरिया, काली खांसी, टेटनेस, हेपेटाइटिस बी, इनफ्लुएंजा, जेई, डायरिया सहित कुल 12 जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए गर्भवती माँ के साथ साथ प्रसव के बाद नवजात को कुल 12 टीके दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि यह टीका यदि गर्भवती महिला के साथ साथ उसके बच्चों को समय से पड़ जाए तो हम बच्चे को पूरी तरह से सुरक्षित कर पाते हैं।

नि:शुल्क दिया जाता है टीका

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि पूर्ण टीकाकरण को लेकर अभी भी लोगों में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है। सरकारी अस्पताल में पड़ने वाले सभी टीके की कुल कीमत 26 हजार के आसपास है। जो सरकार निःशुल्क उपलब्ध करा रही है, जबकि यही टीका बाहर में 40 हजार के ऊपर के होते हैं। उन्होंने वहां मौजूद एमओआईसी एवं बीसीएम से अपील की है कि अपने स्तर से आशा एवं आंगनबाड़ी सेविका के माध्यम से लोगों के बीच सरकारी अस्पतालों में दिए जाने वाले टीकाकरण के प्रति जागरूक करें। साथ ही टीके से होने वाले फायदे भी हर स्तर के लोगों तक पहुंचाएं।

हत्याकांड का खुलासा व गिरफ्तारी को ले एएसपी के नेतृत्व में एसआइटी गठित

भोजपुर में प्रोफेसर दंपति हत्याकांड में कातिल चिन्हित, हिरासत में कई संदिग्ध

- नौकर सहित अन्य की ओर घूम रही संदेह की सुई, चोरी के दौरान हत्या की आशंका
- डॉग स्क्वायड, फॉरेंसिक और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट ने की घटना की जांच
- सीसीटीवी फुटेज व मोबाइल सर्विलांस के जरिए पुलिस कर रही जांच

जांच को पहुंची डॉग स्क्वायड की टीम

जांच करते फॉरेंसिक टीम के सदस्य

केटी न्यूज/आरा

नवादा थाना क्षेत्र के कतीरा वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में भाजपा नेता सह रिटायर प्रोफेसर महेंद्र सिंह और उनकी पत्नी प्रोफेसर पुष्पा सिंह की हत्या के मामले में पुलिस कातिलों के करीब पहुंच गयी है। सीसीटीवी फुटेज और अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल संदिग्धों की पहचान करने का दावा किया ली है। उनमें कुछ संदिग्धों को हिरासत में भी लिया गया है। उनसे पूछताछ के आधार पर अन्य संदिग्धों की गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है। दंपति की हत्या में नौकर सहित अन्य लोगों की ओर भी संदेह की सुई घूम रही है।

चोरी के दौरान दंपति की हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। सीसीटीवी फुटेज से भी इस बात के संकेत मिल रहे हैं। बताया जा रहा है कि दंपति के घर से कुछ नगदी और प्रोफेसर पुष्पा सिंह के कुछ जेवर गायब हैं। इधर, हत्याकांड की तफ्तीश भी तेज हो गयी है। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा हत्याकांड का खुलासा और घटना से शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी को एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में स्पेशल टीम गठित की गयी है। दूसरी ओर पुलिस द्वारा वैज्ञानिक तरीके से भी हत्या की जांच की जा रही है। उसके तहत फिंगर प्रिंट और फॉरेंसिक एक्सपर्ट के अलावे डॉग स्क्वायड की टीम ओर से भी अपने स्तर से जांच की गयी। पुलिस इसके जरिए कातिलों तक पहुंचने के प्रयास में जुटी है।

धारदार हथियार से गला रेत की गयी प्रोफेसर दंपति की हत्या : भाजपा के कद्दावर नेता सह रिटायर प्रोफेसर महेंद्र सिंह और उनकी पत्नी प्रोफेसर पुष्पा सिंह की धारदार और नुकीले हथियार से बेरहमी से काट कर हत्या की गयी है। दोनों का शव सोमवार की रात करीब दस बजे कतीरा वीर कुंवर सिंह कॉलोनी स्थित उनके फ्लैट से मिला था। 70 वर्षीय प्रोफेसर पुष्पा सिंह का गला रेता हुआ था।? उनके पति प्रोफेसर महेंद्र सिंह के सिर, गर्दन और छाती सहित अन्य जगहों पर गहरे जख्म का निशान मिले हैं। उससे आशंका जताई जा रही है कि उनको बेरहमी से काटा गया है। खून के छिंटे दीवार तक पड़े थे। 71 वर्षीय प्रोफेसर महेंद्र प्रसाद सिंह मूल रूप से रोहतास जिले के नासरीगंज थाने के अगनी गांव के रहने वाले थे।

प्रारंभिक अनुसंधान और सीसीटीवी फुटेज की जांच में दंपति के नौकर पर संदेह है। कुछ संदिग्धों को चिन्हित किया गया है। उनमें कुछ को हिरासत में ही लिया गया है। कुछ की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। पूरी घटना की हर एंगल से जांच की जा रही है। फिंगर प्रिंट और फॉरेंसिक टीम की भी मदद ली जा रही है।

– प्रमोद कुमार, एसपी, भोजपुर

एक नजर

छात्र उद्घोष यात्रा और सम्मेलन का आयोजन

जहानाबाद। अखिल भारतीय विधार्थी परिषद द्वारा छात्र उद्घोष यात्रा और सम्मेलन का आयोजन किया गया। छात्र उद्घोष यात्रा जहानाबाद के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से प्रारम्भ होते हुए शहर के विभिन्न मांगों से होते हुए खेतान लेन स्थित महामाया मैरेज हाल में सभा आयोजित किया गया। वहीं इस सम्मेलन में दो प्रस्ताव पारित किए गये। जिसमें पहला प्रस्ताव मगध विश्वविद्यालय की वर्तमान शिक्षा व्यवस्था का रहा। जिसे सुरजीत कुमार ने रखा तथा अनुमोदन पिंकू सिंह ने किया। वहीं, दूसरा प्रस्ताव जहानाबाद जिले के वर्तमान व्यवस्था और बिहार में रोजगार कि दयनीय स्थिति पर रही। जिसे विष्णु शंकर ने रखा एवं अनुमोदन अंजली शर्मा ने किया। इस सम्मेलन और यात्रा में हजारों छात्र छात्राएं शामिल हुए थे। मंच संचालक अभाविप के प्रदेश कारयकारणी सदस्य विक्रम कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारणी परिषद के विशेष आमंत्रित सदस्य प्रोफेसर नरेंद्र कुमार सिंह, विश्वविद्यालय प्रमुख उमेश कुमार सर, पूर्व प्रदेश सह मंत्री पवन कुमार, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य मुकेश कुमार,पूर्व प्रदेश कार्यकारणी सदस्य संजीव कुमार, राजेश कुमार, धर्म जी, धीरज जी, शैलेश कुमार भी मौजूद थे।

10 फरवरी से फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम

जहानाबाद। डीएम रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला समन्वय समिति की बैठक संबंधित पदाधिकारियों के साथ करते हुए फाईलेरिया उन्मूलन हेतु आवश्यक निदेश दिया गया। सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि दिनांक 10 फरवरी से फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एमडीए कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है, जिसमें सभी उम्र के लोगों को अल्बेंडाजोल एवं डीईसी दवा का सेवन उम्र के अनुसार जिले के आशा कार्यकर्त्ता एवं आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका के माध्यम से खिलाया जाएगा। इसमें दो साल से कम उम्र वाले बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं तथा गंभीर रोग से पीड़ित मरीजों को दवा नहीं खिलाया जाएगा। सिविल सर्जन ने बताया कि फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिले में 503 टीम एवं 52 पर्यवेक्षकों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में दो दवा वितरक रहेंगे। इस दौरान सभी बीडीओ और एमओआईसी को समन्वय समिति की बैठक निरंतर करने का निर्देश दिया गया। आंगनवाड़ी सेविका/सहायिका, जीविका दीदियों, विकास मित्रों आदि को निर्देश दिया गया कि जन समुदाय को फाइलेरिया से अवगत कराएं एवं लोगों को दवा सेवन हेतु जागरूक करें। बैठक में सिविल सर्जन, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रक पदाधिकारी, डीपीएम, डीआरयू टीम लीड - केयर इण्डिया, डीईओ, आईसीडीएस डीपीओ, जिला स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रबंधक, जीविका तथा वेक्टर जनित रोग सलाहकार, वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

आरा में डिप्रेशन में चल रहे युवक ने की खुदकुशी, पंखे से लटका मिला शव

आरा। शहर के नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी-गिरिजा मोड़ स्थित क्रिश्चियन कॉलोनी में एक युवक ने खुदकुशी कर ली। पत्नी के भाग जाने के बाद डिप्रेशन में चली रहे युवक ने फांसी लगा कर जान दे दी। उसका शव सोमवार की रात घर में पंखे की कुंडी से गमछा के सहारे लटका मिला। मृत युवक क्रिश्चियन कॉलोनी निवासी सूर्यनाथ का 37 वर्षीय पुत्र अंथौनी जेम्स उर्फ मुन्ना था। वह प्राइवेट काम करते था। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बेटे अनुराग कुमार ने बताया कि उसकी मां किरण देवी वर्ष 2020 में किसी युवक के साथ भाग गई थी। उसके बाद से ही उसके पिता डिप्रेशन में रहते थे। सोमवार की रात वह बाहर से वापस आया तो, देखा कि उसके पिता पंखे की कुंडी से गमछे का फंदा लगाकर लटके हुए हैं। उसके बाद उसने अपने परिजनों और दीदी को सूचना दी। बताया जाता है कि मृत युवक तीन बहन और दो भाई में सबसे छोटे थे। उसके परिवार में पत्नी किरण देवी, बेटी अलका, इशिता और एक बेटा अनुराग कुमार है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

हर्ष फायरिंग में घायल दुकानदार की मौत, हंगामा और रोड जाम

केटी न्यूज/आरा

- आरोपितों की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर उतरे लोग

जिले के मुफस्सिल थाने के धोबहां गांव में सोमवार की रात बारात में फायरिंग के दौरान घायलों में एक युवक की मौत हो गयी। इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान रास्ते में उसने रात में ही दम तोड़ दिया। मृतक कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी स्व. शिवजी साह का 48 वर्षीय पुत्र विंध्याचल प्रसाद था। वह बैट्री दुकानदार था उसकी आरा के पुरानी पुलिस लाइन में दुकान है। वहीं दूसरा जख्मी सुशील कुमार कलवार उर्फ धनु का इलाज आरा में चल रहा है। इधर, विंध्याचल की मौत की खबर मिलते ही गांव के लोग आक्रोशित हो उठे। हत्यारों की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग को लेकर लोग मंगलवार की सुबह सात बजे ही सड़क पर उतर गये। शव के साथ गुंडी मोड़ के समीप रोड जाम कर दिया गया। टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गयी। इससे आरा-सरैयां मार्ग पर करीब पांच घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रहा।

इधर, हत्या के विरोध में पूरा सरैयां बाजार भी बंद रहा सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष ब्रजेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच लोगों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन लोग डीएम-एसपी को बुलाने और हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। बाद में एसपी के निर्देश पर एएसपी हिमांशु पहुंचे और समझा कर लोगों के गुस्से को शांत कराया। उन्होंने घटना में शामिल लोगों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। उसके बाद दोपहर करीब 12 बजे आवागमन बहाल किया जा सका। ओपी प्रभारी सुशांत कुमार की देखरेख में शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बताया, दो लोगों पर फायरिंग करने का आरोप लगाया जा रहा है। शादी की वीडियो फुटेज से फायरिंग करने वालों की पहचान की जा रही है। इसके लिए कुछ वीडियो जब्त किए गये हैं। कुछ लोगों को डिटेन किया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। गोली चलाने वालों को चिन्हित भी कर लिया गया हैं। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। शादी समारोह में हर्ष फायरिंग करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है।

पटना की जिला यक्ष्मा नियंत्रण पदाधिकारी ने 3 टीबी मरीजों को लिया गोद

निश्चय मित्र बन लोग करें टीबी मरीजों की मदद: डॉ. गायत्री

केटी न्यूज/पटना

महिला को पोषण पैकेट देतीं सीडीओ

जिला यक्ष्मा कार्यालय में मंगलवार को यक्ष्मा नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. कुमारी गायत्री सिंह ने 3 टीबी मरीजों को गोद लेकर समुदाय के सामने उदाहरण प्रस्तुत किया। जिला यक्ष्मा कार्यालय में गोद लिए गए मरीजों के बीच डॉ. सिंह ने पोषण सामग्री वितरित की. इस अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा कि टीबी मरीजों को रोग से जल्दी उबरने के लिए दवा के पूरे कोर्स के सेवन के साथ पौष्टिक आहार का सेवन भी आवश्यक होता है। ज्यादातर टीबी मरीज समाज के हाशिये पर रह रहे समुदाय से होते हैं और उन्हें अपने पोषण की जरूरतों को पूरा करने के लिए जरुरी संसाधन उपलब्ध नहीं होते हैं।

3 टीबी मरीजों को लिया गया गोद: जिला यक्ष्मा नियंत्रण पदाधिकारी द्वारा द्वारा जिले के 3 टीबी मरीजों को गोद लिया गया है। ये मरीज हैं- रंजन कुमार, जैदुल मोबिन एवं रिंकी देवी। तीनों मरीज पटना शहर के निवासी हैं। गोद लिए गए मरीजों ने डॉ. कुमारी गायत्री सिंह एवं जिला यक्ष्मा कार्यालय का आभार जताया और कहा कि इससे उन्हें टीबी को मात देने में मदद मिलेगी।

टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए सभी को आना होगा आगे: इस अवसर पर डॉ. कुमारी गायत्री सिंह ने कहा कि टीबी कमजोर रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों को जल्दी जकड़ता है। इसलिए जरुरी है कि दैनिक खानपान में पौष्टिक तत्वों का समुचित समावेश किया जाए जिससे शरीर स्वस्थ हो सके। सरकार द्वारा यक्ष्मा मरीजों को जांच एवं दवा निशुल्क उपलब्ध करायी जाती है। उन्होंने बताया कि यक्ष्मा पीड़ित मरीजों को नियमित दवा सेवन के साथ अपने पोषण की जरूरतों का भी ध्यान रखना चाहिए। दवा का सेवन पूरे 6 महीने तक लगातार करनी चाहिए जिससे कि व्यक्ति रोग को मात दे सके। डॉ. सिंह ने बताया कि यक्ष्मा पीड़ित मरीजों को टीबी की दवा कभी भी बीच में नहीं छोड़नी चाहिए अन्यथा उनकी टीबी ड्रग रेसिस्टेंट टीबी में तब्दील हो सकती है जो खतरनाक है और जानलेवा साबित हो सकती है।

टीबी मरीजों को गोद लेकर प्रस्तुत करें उदाहरण: जिला यक्ष्मा नियंत्रण पदाधिकारी ने बताया कि निक्षय मित्र बनने के लिए लोगों से संपर्क किया जा रहा है. निक्षय मित्र बनने की इच्छा रखने वाले लोग जिला यक्ष्मा केंद्र या निक्षय मित्र के पोर्टल पर जा कर स्वयं अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं. जिले में लोग निक्षय मित्र बनने के लिए आगे आ रहे हैं लेकिन अभी और लोगों को आगे आने की जरूरत है। विदित हो कि योजना के तहत कोई भी स्वयंसेवी संस्था, राजनीतिक दल के लोग, गैर सरकारी संस्था के लोग या जनप्रतिनिधि तथा आमजन टीबी के मरीज को गोद ले सकते हैं।

खबरें फटाफट

पौधों को बर्बाद करने के मामले में केस दर्ज

डुमरांव। स्थानीय थाना क्षेत्र के चतुरशालगंज मोहल्ले में एक कट्ठा में लगे फूल के पौधों को उखाड़ कर बर्बाद करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़ित गणेश माली के पुत्र राजेश माली ने मोहल्ले के ही एक युवक पर नामजद केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल करने में जुट गयी है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि आरोपी अमित माली मेरे खेत मे घुसकर एक कट्ठे में उगे फुलवारी से फूल के पौधों को उखाड़कर फेंक दिया, जिससे मुझे सात हजार रुपये का नुकसान हुआ है। साथ ही आरोपी से पूछने पर वह गाली-गलौज देने लगा, जिसे मोहल्ले के लोगों ने समझा-बुझाकर शांत कराया। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पुलिस पीड़ित के आवेदन पर अनुसंधान शुरू कर दी है।

तीन दिवसीय गायत्री यज्ञ के लिए की गई बैठक

नावानगर। स्थानीय प्रखंड के मणियां में तीन दिवसीय गायत्री यज्ञ के लिए एक बैठक की गई। जिसमें गांव के गायत्री परिवार ने हिस्सा लिया। बैठक में 26 से 28 अप्रैल तक गायत्री यज्ञ कराने का निर्णय लिया। साथ ही हरिद्वार में शांतिकुंज जाप के लिए गांव के ग्यारह लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया। बैठक की अध्यक्षता गायत्री शक्तिपीठ बक्सर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी रामानंद तिवारी ने की। उन्होंने बताया कि 31 मार्च को शांतिकुंज जाप के लिए ग्यारह लोग हरिद्वार के लिए रवाना होंगे। जहां 9 दिनों तक 24 हजार जाप की जाएगी। इसके बाद 26 अप्रैल से गांव में गायत्री यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। बैठक में वकील सिंह यादव, भिमल सिंह, राजकुमार कुशवहां, हरिनारायण सिंह, सिद्धेश्वर शर्मा, विमला देवी, प्रमिला कुमारी, ललन सिंह, सुशीला देवी, शारदा देवी, रामसागर सिंह अयोध्या सिंह समेत अन्य थे।

2 फरवरी को बक्सर में आयोजित होगा रोजगार मेला, युवाओं को मिलेगा रोजगार

केटी न्यूज/बक्सर

- श्रम संसधान विभाग के तत्वावधान में आयोजित हो रहा है मेला, शामिल होंगी 15 कंपनियां

श्रम संसधान विभाग बिहार सरकार तथा जिला नियोजनालय बक्सर द्वारा बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के लिए एक बेहतर मौका उपलब्ध कराया जा रहा है। 2 फरवरी को श्रम संसाधन विभाग व बक्सर नियोजनालय के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेला सह कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन किया गया है। यह आयोजन संयुक्त श्रम भवन, आईटीआई परिसर, चरित्रवन में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया है। जिसमें कुल 15 कंपनियों के शामिल होने की जानकारी मिली है। ये कंपनियां विभिन्न पदों के लिए योग्य एक हजार से अधिक युवाओं का चयन कर उन्हें रोजगार देंगी। नियोजन-सह-व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला के आयोजन से बेरोजगार युवाओं में हर्ष की लहर दौड़ गई है। इस आयोजन की जानकारी मिलते ही इसमें शामिल हो रोजगार पाने के लिए युवा अभी से ही अपने कागजात सहेजने लगे है। वही श्रम संसाधान विभाग व नियोजनालय द्वारा भी इस आयोजन को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसका प्रचार प्रसार भी करवाया जा रहा है। ताकी युवाओं को इस आयोजन की जानकारी मिल सके। निर्धारित तिथि को बड़ी संख्या में युवाओं के रोजगार मेला में शामिल होने की उम्मीद है।

पूर्णतः निःशुल्क होगी नियोजन की प्रक्रिया : यह मेला पूर्णतः निःशुल्क होगा। मेला का आयोजन मॉडल कैरियर सेंटर में किया जा रहा है। गौरतलब है कि आइटीआई फील्ड के समीप स्थित जिला नियोजनालय ही मॉडल कैरियर सेंटर के रूप में कार्यरत है। सूबे के जिलो में ही मॉडल कैरियर सेंटर कार्यरत है।

युवाओं को मिलेगा मागदर्शन : इस रोजगार मेला में विभिन्न विभागों द्वारा स्वरोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण हेतु चलायी जा रही योजनाओं के संबंध में युवाओं को मार्गदर्शन भी दिया जायेगा। मेले में आरसेटी, जिला उद्योग केन्द्र, डीआरसीसी, श्रम विभाग, अप्रेन्टीसशिप इत्यादि से संबंधित स्टॉल लगाकर युवाओं की काउंसिलिंग भी की जायेगी। नियोजन मेला की जानकारी देते हुए जिला नियोजन पदाधिकारी बक्सर ने बताया कि मेले में आने वाले अभ्यर्थियों का निबंधन पोर्टल पर किया जायेगा। जो भी इच्छुक व्यक्ति मेले में भाग लेना चाहते है, सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, बायोडाटा, आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो के साथ आकर अवसर का लाभ उठा सकते है।

मेले में 15 कंपनियां करेंगी शिरकत

जिला नियोजनालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक जिन कंपनियों के रोजगार मेला में आने की जानकारी मिली है उनमें आमधाने प्राइवेट लिमिटेड, स्किल्स डेस्क, एक्यूरेट वन, एंप्लॉयमेंट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, एस आई एस सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस प्राइवेट लिमिटेड., ईएफओएस, शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड जय किसान एग्रो स्वदेशी अमर फार्मा साबिर हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड एस एस मार्ट, राजराय सिक्योरएस प्राइवेट लिमिटेड, आदि कंपनियां शामिल है। जो 2 फरवरी को मेला में बेरोजगारों का चयन करेंगी।

जिले में कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए जिला प्रशासन ने कसी कमर, तैयारी पूरी

इंटरमीडिएट की परीक्षा आज से, 27 केन्द्रों पर शामिल होंगे 22 हजार से अधिक परीक्षार्थी

- दो पालियों में ली जाएगी परीक्षा, 10 मिनट पहले परीक्षार्थियों को करना होगा प्रवेश
- कई स्तरों की जांच से गुजरेंगे परीक्षार्थी

केटी न्यूज/बक्सर

बिहार बोर्ड द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा बुधवार से शुरू हो रही है। परीक्षा को कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। जिले में कुल 27 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। जिनमें बक्सर में 19 तथा डुमरांव में 8 परीक्षा केन्द्र शामिल है। इन परीक्षा केन्द्रों पर कुल 22 हजार 658 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। पूर्व संध्या पर जिला प्रशासन द्वारा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण परीक्षा कराने के लिए तैयारी पूरी होने की बात कही गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों पर दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात किए गए है। इसके अलावे सीसीटीवी कैमरा भी लगा दिया गया है। ताकी परीक्षार्थी नकल के सहारे परीक्षा पास न कर सके। डीएम ने सभी केन्द्राधीक्षकों को कदाचारमुक्त परीक्षा कराने के कड़े निर्देश दिए है। परीक्षा केन्द्रों के मुख्य गेट पर ही सभी परीक्षार्थियों को कड़ी तलाशी के बाद केन्द्र में प्रवेश मिलेगा। इसके लिए परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से 10 मिनट पहले परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना है। यह परीक्षा दो पालियों में ली जाएगी। पहली पाली सुबह 9.30 से शुरू हो 12.45 में संपन्न होगी। जबकि दूसरी पाली 1.45 बजे शुरू होगी। दोनों पालियों के बीच एक घंटे का गैप रखा गया है।

परीक्षा हॉल में डेस्क पर मार्किंग करते शिक्षक

परीक्षा केन्द्रों पर लागू होगी धारा 144 : परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों पर धारा 144 लगाया गया है। इसके तहत परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में पांच से अधिक व्यक्तियों को इकट्ठा नहीं होना है। किसी भी तरह के लाउड स्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा। ताकी परीक्षार्थियों का ध्यान भंग न हो तथा शोर शराबे के चलते उनकी परीक्षा बाधित न हो। वही बाहर से नकल कराने वाले अभिभावकों को जेल भेजा जाएगा। बक्सर एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि पूरे परीक्षा यह नियम लागू रहेगा।

परीक्षा में किए हैं बड़े बदलाव : पिछली बार की परीक्षा में ये देखा गया था कि कई ऐसे विद्यार्थी थे जो अपना एडमिट लाना भूल गए थे ऐसे में वो परीक्षा नहीं दे पाए थे लेकिन अब इसका उपाय निकाला गया है। अगर किसी भी विद्यार्थी का एडमिट कार्ड खो जाता है या फिर घर पर ही छूट जाता है तब भी वो परीक्षा दे पाएगा। उन्हें एग्जाम देने से नहीं रोका जाएगा क्योंकि अटेंडेंस शीट में स्कैन फोटो के साथ स्टूडेंट की पहचान भी पहले से ही दर्ज होगी। इससे रोल कोड और रोल नंबर मिलाकर उन्हें परीक्षा देने की अनुमति दी जाएगी। वहीं, इसके अलावा अगर किसी भी विधार्थी के एडमिट कार्ड में गलत फोटो या किसी भी प्रकार की गलती होगी तो उसका फिजिकल वेरिफिकेशन किया जाएगा जिसके आधार पर उसे परीक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। वहीं, इस बार सभी विद्यार्थियों को अपने साथ एक पहचान पत्र केंद्र पर लाना अनिवार्य है।

केंद्रों पर जूता मोजा पहनकर जाने वाले परीक्षार्थियों को नहीं मिलेगी इंट्री

बिहार बोर्ड से जारी किए गए गाइड लाइन में बताया गया है क परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों को जूता मोजा पहनने की इजाजत नहीं दी गई है। परीक्षार्थी हवाई चप्पल पहल ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करेंगे। ऐसा नकल रोकने के लिए बोर्ड द्वारा किया गया है। इस आशय की जानकारी सभी जिलों के डीएम, डीईओ तथा केन्द्रधीक्षकों को बोर्ड द्वारा पहले ही दे दी गई है। इसके अलावे वे अपने साथ किसी भी तरह के इलेक्ट्रानिक उपकरण भी नहीं ले जा सकते है। ताकी पेपर लिक जैसी घटनाएं नहीं हो। बोर्ड से मिले निदेर्शों का अक्षरशः पालन कराने के लिए जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग मुश्तैद दिख रहा है।

एक नजर

कंचनेश्वर शिव धाम में आयोजित होगा शिव पार्वती विवाह महोत्सव, लगेगा मेला

केसठ। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी फाल्गुन शिवरात्रि के अवसर पर डुमरांव अनुमंडल के विनोवा वन (कचईनिया) स्थित कंचनेश्वर शिव धाम पर शिव पार्वती विवाह महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर एक विशाल मेले का आयोजन भी होगा। जिसको लेकर शिव पार्वती विवाह महोत्सव समिति के कार्यकताओं द्वारा शिव मंदिर के प्रांगण में मंगलवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समिति के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिसमें सर्वसम्मति से महोत्सव को संपन्न कराने का निर्णय लिया गया। तथा कार्य योजना तैयार किया गया। बता दें कि इसके तहत आगामी 17 फरवरी को सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक महा रुद्राभिषेक का कार्यक्रम मुख्य जजमान मिथिलेश पाठक एवं समिति की उपस्थिति में बनारस से आए आचार्य द्वारा कराया जाएगा। जबकि शाम 7:30 बजे से 9.30 बजे तक प्रवचन कार्य चलेगा। जिसमें कथावाचक के रूप में पूज्य संत श्री नारायण दास भक्त माली (मामा जी) महाराज के कृपा पात्र श्री राम कथा एवं भक्तमाल के सरस कथाकार अवधेश शरण दास, परम पूज्य जीयर स्वामी जी महाराज के शिष्य राधा मोहन दास व परम पूज्य अनंत विभूषित श्री अशोक दास जी महाराज, भागवत भूषण अयोध्या के शिष्या प्रज्ञा पांडेय द्वारा श्रीरामचरितमानस व भागवत कथा से आधारित कथा का रसपान कराया जाएगा। उसके बाद रात भर कीर्तन कार्यक्रम परसागांडा, आथर, रामपुर, चकौड़ा, कचईनिया के कीर्तन मंडली द्वारा चलेगा। दूसरे दिन 18 फरवरी को सुबह 9 बजे से बरात सह शोभायात्रा निकलेगा। जो शिव मंदिर से चलकर कचईनिया गांव होते हुए कोरान सराय प्रमुख चौक नहर मार्ग से दखिनांव पुल से निकलकर आथर दुर्गा मंदिर होते हुए पासवान टोली, काली स्थान, महावीर चौतरा, शीतल टोला, चकौड़ा, रामपुर फील्ड होते हुए पार्वती मंदिर विनोवा वन पहुंचेगा।

हिलटॉप पब्लिक स्कूल के छात्रों ने पेश किया रंगारंग कार्यक्रम, दर्शकों ने उठाया लुफ्त

नावानगर। सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य में महादेवगंज के हिलटॉप पब्लिक स्कूल के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किया। जिसमें छात्रों ने अपनी कला से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया था। छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम में आई लव माय इंडिया, मैया यशोदा, छम छम, मेरी मां के बराबर कोई नहीं, देश मेरा रंगीला समेत अन्य देश भक्ति रिकॉर्डिंग गीत पर छात्रों ने नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं दहेज लोभी सास आज का परिवार नाटक का मंचन किया गया। जबकि अनपढ़ नौकर कॉमेडी नाटक पर उपस्थित लोग हंसते हंसते लोटपोट हो गए। रंगारंग कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य राजीव कुमार उर्फ राजू यादव ने फीता काटकर किया। इसके बाद विद्यालय परिवार की ओर से सभी आगंतुकों को अंग वस्त्र एवं फूल माला से स्वागत किया। अपने संबोधन में जिप सदस्य ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम शिक्षा का एक अहम पहलू है। इससे बच्चों के बोल चाल की भटक दूर होती है। उन्होंने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा देना पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के डायरेक्टर परशुराम प्रसाद तथा संचालन उमेश प्रसाद एवं रामनाथ सिंह ने संयुक्त रुप से किया। विद्यालय के डायरेक्टर ने बताया कि रंगारंग कार्यक्रम सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य में किया गया है। उन्होंने कहा कि वे समय समय पर छात्रों के बीच ऐसा आयोजन कराते है ताकी इनकी नैसर्गिक प्रतिभा उभरे। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर राजेश्वर सिंह शिक्षक कमल प्रसाद शिवजी सिंह गिरधारी शर्मा सरिता कुमारी प्रियंका कुमारी रविता कुमारी मीरा देवी समेत सैकड़ों की संख्या में शिक्षा प्रेमी मौजूद थे।

पशुओं से लदी पिकअप पलटी, एक गाय की मौत

कृष्णाब्रह्म। कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के एनएच 922 पर चौकियां गांव के पास मंगलवार को पशुओं से लदी एक पिकअप बीच सड़क पर पलट गई। इस दुर्घटना में एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से जख्मी है। जबकि तीन गायों को आंशिक चोटें आई है। पिकअप पर कुल छह गाय लदी थी। बताया जाता है कि सड़क पर अचानक आए साइकिल सवार को बचाने में यह दुर्घटना हुई है। पिकअप बक्सर से आरा की तरफ जा रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही कृष्णाब्रह्म पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वैसे प्रथम दृष्टया इस मामले को पशु तस्करी से जोड़कर देखा जा रहा है। वैसे भी पिकअप पर क्षमता से अधिक मवेशी लदे थे। कृष्णाब्रह्म थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष पीके देव ने कहा कि देखने से सभी गायें दुधारू लग रही है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

पुराना भोजपुर व डुमरांव से शराब की बड़ी खेप बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

डुमरांव। नया भोजपुर ओपी व डुमरांव थाने की पुलिस ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में अभियान चला शराब की बड़ी खेप बरामद की है। इस दौरान एक तस्कर पकड़ा गया है जबकि एक बाइक भी जब्त हुई है। मिली जानकारी के अनुसार नया भोजपुर ओपी पुलिस ने थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर सिमरी पथ पर गुप्त सूचना पर वाहन चेकिंग अभियान चला एक शराब कारोबारी को पांच कार्टून में 238 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ा है। पुलिस ने उसकी होंडा साइन बाइक भी जब्त कर ली है। गिरफ्तार कारोबारी सिमरी थाना क्षेत्र के खंधरा गांव निवासी राहुल यादव पिता बीरबल यादव है। उसके बाइक पर दो बोरियों में पांच कार्टून

अंग्रेजी शराब छिपाया गया था। आवश्यक पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। नया भोजपुर ओपी प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि उसकी गिरफ्तारी गुप्त सूचना पर की गई है। उन्होंने कहा कि पूछताछ में उसने बताया है कि वह लंबे समय से शराब की होम डिलीवरी कर रहा था। वही दूसरी तरफ डुमरांव पुलिस ने नगर के साफाखाना रोड स्थित

तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र का मना स्थापना दिवस

चौगाई। मुरार स्थित राधा स्वामी सत्संग संस्थान सह तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान का स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर तकनीकी संस्थान के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, संगीत तथा स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक पेश किए गए। उनके बीच खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन भी हुआ था। बताया गया कि उनकी शिक्षण पद्धति डीसीआई न सिर्फ मुरार बल्कि दुनिया के कोने-कोने में अपनी छाप छोड़ रही है। संस्थान ने बताया कि उनकी शिक्षण शैली श्रमदान व मानव कल्याण पर आधारित है। गौरतलब है कि राधा स्वामी शिक्षण संस्थान दयालबाग आगरा से संचालित होता है तथा यहा जो डीसीआई शिक्षण पद्धति अपनाई जाती है इसके निमार्ता संस्थान के संस्पाक डा लाल साहब ने किया था। इस मौके पर संस्थान के सदस्यों के साथ ही कई गणमान्य उपस्थित थे।

नियमों के विरूद्ध बर्खास्त शिक्षकों व लिपिक का वेतन भुगतान में फंसे स्थापना डीपीओ

केटी न्यूज/बक्सर

स्थापना डीपीओ मोहम्मद शारीक अशरफ द्वारा श्रीत्रिदंडी देव आवासीय संस्कृत उच्च विद्यालय के बर्खास्त किए गए दो षिक्षकों तथा एक लिपिक के वेतन का भुगतान नियम विरूद्ध कर दिया है। इसकी जानकारी मिलते ही डीएम ने इस मामले की जांच के लिए एक जांच कमिटि गठित कर दी है। जांच टीम को सात दिनों में अपना रिपोर्ट सौंपना है। कमिटि गठित होते ही स्थापना डीपीओ की मुश्किलें बढ़ गई है।

कमिटि डीडीसी डॉ. महेन्द्र पाल व डीईओ के नेतृत्व में गठित की गई है। जानकारी के अनुसार अराजकीय श्रीत्रिदंडी देव आवासीय संस्कृत उच्च विद्यालय चरित्रवन बक्सर के बर्खास्त सहायक शिक्षक रविशंकर पाण्डेय, अशोक कुमार मिश्र एवं लिपिक मुकेश राय को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना बक्सर के द्वारा नियम विरूद्ध वेतन भुगतान किया गया है। जिसको ले विद्यालय के सचिव स्वामी राजगोपालाचार्य द्वारा एक परिवाद पत्र दिया गया है। जिसमें कहा गया है कि संस्कृत विद्यालय के बर्खास्त शिक्षकों एवं लिपिक को डीपीओ स्थापना द्वारा नियम विरूद्ध वेतन भुगतान किया गया है। मामला डीएम के संज्ञान में आने के बाद डीडीसी एवं डीईओ को संयुक्त रूप से परिवाद पत्र में वर्णित तथ्यों के आलोक में सात दिनों के अन्दर संयुक्त जांच करते हुए प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया है। शिक्षा सूत्रों की मानें तो नियम विरूद्ध वेतन भुगतान के मामले में डीपीओ स्थापना की मुश्किलें बढ़ सकती है। दोष सिद्ध होने पर उन पर कड़ी कार्रवाई हो सकती है।

बोर्ड बर्खास्तगी निरस्त होने पर किया गया है भुगतान : इस संबंध में स्थापना डीपीओ मो शारीक असरफ ने बताया कि विद्यालय की कमिटि द्वारा दोनों शिक्षकों तथा लिपिक को बर्खास्त जरूर किया गया था। लेकिन बाद में संस्कृत शिक्षा बोर्ड ने इनकी सेवा को पुनर्बहाल कर दिया है। जिसके बाद वेतन भुगतान किया गया है।

कस्तुरबा स्मारक शील्ड प्रतियोगिता में हजारों दर्शक रहे मौजूद, दिखा फुटबॉल का जुनून

मणिपुर की टीम ने फैजाबाद को 2-1 हराया

केटी न्यूज/डुमरांव

पुराना भोजपुर के खेल मैदान में चल रहे कस्तूरबा स्मारक शिल्ड फुटबॉल प्रतियोगिता में मंगलवार को मणिपुर और फैजाबाद की टीमों के बीच जोरदार मुकाबला हुआ। मणिपुर और फैजाबाद की टीमों के बीच खेला गया आज का मैच प्रतियोगिता का तीसरा क्वार्टर फाईनल मुकाबला था। जिसे 2-1 से जीत कर मणिपुर की टीम सेमी फाईनल में प्रवेश की।

मैच शुरू से ही काफी रोमांचक हो गया था तथा मैदान में मौजूद हजारों दर्शक दोनों ही टीमों के खेल कौशल व भावना को देख तालियां बजा उनकी हौसला अफजाई कर रहे थे। मैच के छठवें मिनट में ही फैजाबाद की तरफ से खेल रहे 9 नंबर जर्सी पहने मोहम्मद आलम ने पहला गोल दागकर अपनी टीम को 1 - 0 से बढ़त दिला दी। लेकिन नौवे मिनट में मणिपुर टीम के जर्सी नंबर 15 के स्ट्राइकर ऋषभ ने दनदनाता गोल कर अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। ऋषभ ने 60 वें मिनट में अपनी टीम के तरफ से दूसरा गोल कर स्कोर को 2 - 1 कर दिया, जो निर्णायक साबित हुआ। निर्धारित समय तक यही स्कोर रहा। जिसके बाद मणिपुर की टीम ने सेमीफाईनल का टिकट कटाया। मणिपुर टीम के गोलकीपर शुभा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। शुभा ने कई अवसरों पर अपनी फुर्ती से गोल बचा अपनी टीम को जिताने में महती भूमिका निभाई थी। फुटबॉल प्रेमियों ने मणिपुर के गोलकीपर के प्रयास साहस तथा खेल स्टाइल की खूब सराहना की। मैच में रेफरी की भूमिका में सुमन शर्मा जनार्दन यादव के साथ डब्ल्यू यादव बिट्टू सिंह रहे। इससे पहले मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि नन्द जी सिंह विनोद वर्मा शंभू चौधरी भरत चौधरी तथा कृष्णा शर्मा थे। मैच को सफल बनाने में स्थानीय सत्येंद्र लक्ष्मण किशन अमित शर्मा निरंजन चौधरी अमित सिंह किशन वर्मा सुमित चौधरी आदि नौजवानों की भूमिका सराहनीय है।

बीडीओ के आश्वासन के बाद खत्म हुई पूर्व पार्षद धीरज की भूख हड़ताल

डुमरांव। नगर परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार मनमानी तानाशाही तथा लूट खसोट के खिलाफ पिछले 24 घंटे से जारी पूर्व वार्ड पार्षद धीरज कुमार का भूख हड़ताल खत्म हो गया। दूसरे दिन बीडीओ संतोष कुमार सिंह ने जूस पिलाकर भूख हड़ताल को खत्म कराया। भूख हड़ताल पर बैठे धीरज कुमार ने बीडीओ को सौंपे गए ज्ञापन में पूर्व के 11 सूत्री मांगों के अलावे शहर में वेंडिंग जोन का निर्माण तत्काल कराने टीवीसी का गठन तथा गांधी स्मारक पर महात्मा गांधी की प्रतिमा लगाने की मांग की है। धीरज कुमार का कहना है कि अगर जनहित से जुड़े मांगों पर प्रशासन द्वारा विचार नहीं किया गया तो नगर परिषद के ईओ के खिलाफ शुरू किया गया चरणबद्ध आंदोलन और अधिक तेज होगा।

अगले दौर में काला दिवस मनाते हुए पूरे शहर में घूम कर जन जागरण अभियान तथा थाली तसली पीटो अभियान चलाया जाएगा। भूख हड़ताल समापन करने से पूर्व अपने संबोधन में धीरज ने कहा कि ईओ मनोज कुमार द्वारा योगदान के दिन से किए गए संपूर्ण कार्य की जांच निगरानी विभाग से होनी चाहिए। उधर बीडीओ ने कहा कि एसडीओ कुमार पंकज के निर्देश पर भूख हड़ताल समाप्त कराने आए हैं। प्राप्त ज्ञापन एसडीओ को दिया जाएगा। कोशिश होगी कि समस्याओं का त्वरित समाधान हो।

त्याग, तपस्या और बलिदान की धरती है बलिया: वीरेंद्र सिंह मस्त

केटी न्यूज/बलिया

अपने अतीत की श्रेष्ठता और अपने संस्कृति की परंपरा से सीख लेते हुए उसे स्मरण करने की जरूरत है, जिससे हमारी सभ्यता और संस्कृति बची रहे। उक्त बातें शहीद मंगल पांडेय की जयंती के अवसर पर नगवा स्थित शहीद मंगल पांडेय इंटर कॉलेज में आयोजित मंगल महोत्सव में सोमवार को सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कही। उन्होंने कहा कि यह धरती त्याग, तपस्या और बलिदान की धरती है, जहां से निकले मंगल पांडेय ने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत के स्वतंत्रता संग्राम की नींव रखी। इस मौके पर जिला ओलंपिक एसोसिएशन एवं जिला एथलेटिक एसोसिएशन तथा शहीद मंगल पांडेय इंटर कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित साढ़े पांच किलोमीटर की सद्भावना दौड़ के बालक और बालिका वर्ग के विजेता प्रतिभागियों को सील्ड, प्रमाण पत्र एवं चेक देकर सम्मानित किया गया।

शुभारंभ शहीद मंगल पांडेय इंटर कॉलेज के छात्र- छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं कई देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर किया। इस दौरान विद्यालय परिवार की तरफ से प्रबंधक डॉ० बृकेश कुमार पाठक एवं प्रधानाचार्य रवि राय ने संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। भाजपा के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, इंजीनियर अरुण सिंह, धीरेंद्र शुक्ला, पंकज सिंह, अरविंद शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पुन्ना सिंह, श्यामल उपाध्याय, अरुण सिंह, पिंटू सिंह,

कन्हैया सिंह, प्रदुमन सिंह, थानाध्यक्ष राजेश मिश्र, दयानंद उपाध्याय, गोपाल जी शर्मा, उमाशंकर शुक्ला, हरीशचंद्र पटेल, पूणेर्दु शुक्ला, परमानंद यादव, अंगद सिंह, कामता सिंह, आदि रहे। अध्यक्षता अवध बिहारी चैबे तथा संचालन संजय प्रकाश पाण्डेय एवं पंकज सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

दिव्यांग जनों की सेवा देवपूजा के समान: सांसद

बलिया। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क मोटराइज्ड ट्राई - सायकिल योजनान्तर्गत नये वर्ष के प्रारम्भ में ही 80 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगताधारी दिव्यांगजनों को दिनांक - 30.01.2023 को विकास खण्ड हनुमानगंज के प्रांगण में मोटराइज्ड ट्राई- सायकिल की सौगात देते हुए मुख्य अतिथि सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त, ने कहा कि दिव्यांगता अभिशाप नहीं है। ईश्वर कोई अंग छीनता है तो उसकी पूर्ति करने हेतु व्यवस्था भी देता है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के कल्याण से ही देश का सर्वांगीण विकास संभव होगा । अतः दिव्यांग जनों की सेवा देव पूजा के समान है। उक्त कार्यक्रम मे श्री जय प्रकाश साहू जी, जिला भाजपा अध्यक्ष, सुरेन्द्र सिंह चुन्नू , उपाध्यक्ष, सुनील सिंह, माननीय सांसद प्रतिनिधि, सलेमपुर, राजेश सिंह, माननीय विधायक प्रतिनिधि बांसडीह, कन्हैया सिंह, ब्लाक प्रमुख मुरली छपरा, गजेन्द्र प्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी हनुमानगंज, अशोक कुमार गौतम, जिला दिब्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, सुशील कुमार तिवारी, वरिष्ठ सहायक, एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग बलिया, खण्ड विकास कार्यालय हनुमानगंज के समस्त कर्मचारीगण तथा स्वै०संस्था सामाजिक उत्थान समिति, कोटवानरायनपुर के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

चोरी की तीन बाइक, अवैध तमंचा के साथ तीन शातिर गिरफ्तार

मऊ। पुलिस अधीक्षक मऊ अविनाश पाण्डेय के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना कोपागंज पुलिस व स्वाट टीम को उस समय सफलता हाथ लगी जब चेकिंग के दौरान धवरियासाथ कुर्थिजाफर मोड़ से तीन सन्दिग्ध व्यक्तियों को तीन मोटरसाइकिल, दो अवैध तमंचा व दो जिंदा 303 बोर कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए विकास सिंह पुत्र वीर बहादुर सिंह, सत्यम तिवारी पुत्र ओमप्रकाश तिवारी, मयंक तिवारी पुत्र सुमन्त तिवारी निवासीगण जयसिंहपुर थाना सरायलखंसी जनपद मऊ हैं। तीनों मोटरसाइकिलें चोरी की हैं।

मंदिर निर्माण के लिए अड़े ग्रामीणों ने तोड़ा अनशन

गाजीपुर। सरकारी जमीन पर मंदिर निर्माण कराने के लिए दो दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे ग्रामवासियों को नायब तहसीलदार ने समझा-बुझाकर कराया शांत, जूस पिलाकर तोड़वाया अनशन। सेवराई तहसील क्षेत्र अंतर्गत दिलदारनगर के सरैला में ग्रामीणों द्वारा सरकारी जमीन पर मंदिर निर्माण के लिए प्रयास किया जा रहा था। जिस पर शासन के दखल के बाद दर्जनों ग्रामीण भूख हड़ताल पर बैठ गए। साथ ही तहसील प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया था।

खुलासा: सैदपुर कोतवाली, कासिमाबाद और भांवरकोल में कई घटनाओं को दे चुके हैं अंजाम

लूट की कई घटनाओं को अंजाम देनेवाले पांच लुटेरे अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार

केटी न्यूज/गाजीपुर

लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर अपराधियों को जिला पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। लुटेरों का यह गैंग सैदपुर कोतवाली, कासिमाबाद और भांवरकोल में कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है। पुलिस ने उनके पास से लूट की दो बाइक, लैपटॉप, मोबाइल और 4830 रुपये नगदी बरामद की है। साथ ही अवैध शस्त्र और कारतूस भी बरामद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सैदपुर की देखरेख में चल रहे अभियान के क्रम में स्वाट टीम प्रभारी रामाश्रय राय व सर्विलांस सेल प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने टीम ने प्रातः चार बजे भीतरी अंडर पास से अभियुक्तगण जयहिन्द पुत्र जितेंद्र उर्फ गुड्डू राम निवासी विशेसरपुर छावनी लाइन थाना कोतवाली.चंद्रजीत कुमार पुत्र शिवकुमार राम निवासी हुसैनपुर थाना कोतवाली, मोनू उर्फ अश्वनी कुमार पुत्र विनय राम निवासी विशेसरपुर छावनी लाइन थाना

कोतवाली, मनीष चौहान पुत्र सुरेन्द्र चौहान निवासी ग्राम सलामतपुर (सनेहुआ) थाना कासिमाबाद और प्रताप कुमार पुत्र सोमारू राम बिन्द निवासी सकरा थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया गया। इनके विरूद्ध जनपद के अलग-अलग थानों पर मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने जयहिन्द निवासीग्राम विशेसरपुर छावनी लाइन थाना कोतवाली से मोटर साइकिल पैशन प्रो CJ17-KN6 715 जिस पर नंबर प्लेट UP61AW -8376 लगा था। अभियुक्त चन्द्रजीत कुमार पुत्र शिवकुमार राम निवासी हुसैनपुर थाना कोतवाली के पास से एक लैपटाप ACER काले रंग का है। एक तमंचा व दो कारतूस बरामद किया है। जबकि अभियुक्त प्रताप कुमार पुत्र सोमारू राम बिन्द निवासी सकरा थाना कोतवाली के पास से 4800 रुपये नगद बरामद किया गया है। अभियुक्त मोनू उर्फ अश्वनी कुमार पुत्र विनय राम निवासी विशेसरपुर छावनी लाइन थाना कोतवाली गाजीपुर से एक अदद सैमसंग एन्ड्राइड मोबाइल जे-7 प्राइम जिसका आईएमईआई प्रथम 358972 / 08/ 363591/ 0 तथा आईएमईआई द्वितीय 358973/ 08/ 363591/ 8 5.मनीष चौहान पुत्र सुरेन्द्र चौहान निवासी ग्राम सलामतपुर थाना कासिमाबाद के कब्जे से बरामद हुआ जो थाना कासिमाबाद में लूटी गयी थी। बिना नम्बर की अपाची मोटर साइकिल काले रंग की जिसका चेचिंस नम्बर D637GE5XN2N00774 व इंजन नंबर GE5NN2200584 बरामद जो अभियुक्त सोनू कुमार बिन्द पुत्र नन्दू बिन्द निवासी बिन्दपुरवा (सकरा) थाना कोतवाली गाजीपुर की है।

करोड़ों का चूना लगाने वाले तथाकथित बैंक के चेयरमैन को ग्राहकों ने किया पुलिस के हवाले

गाजीपुर। तथाकथित पोड बैंक नामक एक प्राइवेट बैंक के एक कर्मचारी को खाताधारकों की भीड़ ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।बताया कि हजारों गरीबों का करोड़ो रुपये इस बैंक में अच्छा रिटर्न देने के नाम पर लगवाया गया था। अब बैंक के लोग न ब्याज दे रहे हैं और न ही मूल धन दे पा रहे हैं। लगातार बहाने भी बना रहे हैं। मामला गाजीपुर की सदर कोतवाली क्षेत्र के महाराजगंज इलाके के पास आरटीओ ऑफिस के निकट का है, जहां पर पोड बैंक नाम की एक संस्था द्वारा पिछले दो सालों से लोग घर-घर घूम कर भोले भाले लोगों को लोकलुभावनी योजनाएं बताकर खाते खुलवा रहे थे और पैसा जमा करा रहे थे। इसके चलते काफी संख्या में लोगों ने इस तथाकथित प्राइवेट पोड बैंक में अपना खाता खोल दिया। इनकी संख्या अब काफी हो गई है, लेकिन धीरे-धीरे लोगों का ब्याज मिलना बंद हो गया। परेशान जनता बैंक कर्मियों और चेयरमैन पर दबाव बनाने लगी कि ब्याज न सही तो पैसा यानि जमा मूलधन वापस किया जाए, लेकिन उसमें भी जब बैंक के लोग आनाकानी करने लगे, तो लोगों का सब्र टूट गया और खाताधारकों ने पोड बैंक के तथाकथित चेयरमैन सुभाष को पकड़कर कोतवाली ले आए।

दानापुर मंडल के सहायक सुरक्षा आयुक्त ने आरपीएफ थाने का किया निरीक्षण

केटी न्यूज/गाजीपुर

- थाना की पत्रावली देखा और अधिकारी व कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधी दिशा निर्देश दिए

पंडित दीनदयाल उपाध्याय दानापुर रेलखंड के दिलदारनगर रेलवे स्टेशन स्थित आरपीएफ थाना का दानापुर मंडल के सहायक सुरक्षा आयुक्त एसए हसन ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना की पत्रावली को गहनता पूर्वक देखा और आरपीएफ अधिकारी और कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सुरक्षा आयुक्त ने स्टेशन पर अवैध तस्करी व अपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए संबंधित को सघन जांच के आदेश दिए।

निरीक्षण के दौरान सहायक सुरक्षा आयुक्त ने बताया कि पटना पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलखंड पर चेन पुलिंग की घटना के रोकथाम के लिए अप आरपीएफ एस्कॉर्ट पार्टी की ड्यूटी लगाई जाती है। रेल लाइन के पास गांव में जाकर चेन पुलिंग पर होने वाले नुकसान के विषय में लोगों को जागरुक भी किया जाता है। उन्होंने दिलदारनगर प्लेटफार्म के अंतिम छोर पर सीसीटीवी कैमरा की संख्या बढ़ाने के लिए रिपोर्ट भेजी जाएगी। इससे पूर्व उन्होंने दिलदारनगर के सकुर्लेटिंग एरिया, स्टेशन परिसर व दिलदारनगर ताड़ीघाट ब्रांच लाइन का भी निरीक्षण किया।

यूपी-बिहार बॉर्डर पर लगेगा सीसीटीवी कैमरा पुराने बने शोपीस

बलिया। यूपी बिहार के बॉर्डर पर सुरक्षा और संदिग्ध गतिविधियों पर लगाम लगाने को लेकर पुलिस गंभीर है। आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे अपराधी बे-रोक टोक एक से दूसरे राज्य में चले जाते हैं। बार्डर के चेकपोस्ट की निगेहबानी तीसरी आंख से होगी। इससे आपराधिक व तस्करी गतिविधियों में रोक लगेगी और ड्यूटी पर तैनात जवान भी मुस्तैद रहेंगे। यहां बिना रोक टोक के वाहन व लोग यूपी बिहार में प्रवेश करते हैं। जिम्मेदारों के मिलीभगत से आएदिन चोरी छिपे अवैध शराब, पशु तस्करी के मामले सामने आते हैं। सीसी कैमरे लगने से आने जाने वाले लोगों पर नजर रहेगी। किसी घटना में पहचान होने में काफी मदद मिलेगी।

एमओवाईसी से स्पष्टीकरण, रुकेगा वेतन

केटी न्यूज/गाजीपुर

- जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम ने दिया निर्देश
- वीएचएनडी कार्यक्रम में कम प्रगति पर जताई नाराजगी

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में मंगलवार देर शाम जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक रायफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें जननी सुरक्षा योजना कार्यक्रम के अन्तर्गत देवकली, मिजार्पुर, मनिहारी, जखनियां भदौरा, मुहम्मदाबाद, बाराचवर एवं मरदह के एमओवाईसी के द्वारा कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए चेतावनी दी। साथ ही प्रगति में सुधार लाने तथा वीएचएनडी कार्यक्रम में कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मनिहारी, सादात, रेवतीपुर , सुभाकरपुर, बाराचवर के एमओवाईसी को स्पष्टिकरण एवं मरदह एमओवाईसी का वेतन रोकने का निर्देश दिया।

बैठक में जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना, जेएसवाई के भुगतान, मातृत्व मृत्यु दर की समीक्षा, परिवार कल्याण कार्यक्रम, टीकाकरण, 108/102 एम्बुलेंस की उपलब्धता, आशा /जेएसवाई भुगतान, क्षय रोग नियंत्रण, कुष्ठ उन्मूलन, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, आयुष्मान कार्ड, जन्म-मृत्यु पंजीयन एवं अन्य बिन्दुओं पर विस्तपूर्वक समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उन्होंने जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत गर्भवती महिलाओं के संस्थागत प्रसव के सम्बंध में जानकारी लेते हुए इस कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं को निःशुल्क भोजन, स्वयं सहायता समुह के माध्यम से दिए जाने तथा दवा एवं ड्राप बैंक की सुविधा के साथ-साथ 48 घंटे रोके जाने के दिए गए निर्देश। जिलाधिकारी ने प्रसव उपरान्त लाभार्थियों को दिए जाने वाले जेएसवाई को शत-प्रतिशत भुगतान का निर्देश दिया। कहा कि जिन-जिन स्वास्थ्य केन्द्रों पर जेएसवाई भुगतान पेन्डिग है, उसका तत्काल निस्तारण करवाते हुए, भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आरोग्य योजनान्तर्गत जनपद में बनाए गए गोल्डेन कार्ड की जानकारी ली तथा प्रत्येक पात्र लाभार्थी परिवार का शत-प्रतिशत गोल्डेन कार्ड जारी करने का निर्देश दिया।

जय बाबू राय बाबा फुटबॉल प्रतियोगिता, नीतीश श्याम मैन ऑफ द मैच और हिमांशु राय बने मैन ऑफ सीरीज

नरहीं ने 2-0 से भोजपुर को हराकर खिताब पर जमाया कब्जा

केटी न्यूज/नरहीं

युवक संघ नरही द्वारा आयोजित 'जय बाबू राय बाबा फुटबॉल प्रतियोगिता' का फाइनल मैच भोजपुर बिहार व युवक संघ नरहीं के बीच खेला गया रोमांचक मुकाबले में नरहीं ने भोजपुर को 2-0से पराजित कर कप पर कब्जा जमा लिया। नरहीं गांव के खेल मैदान पर चल रहे फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि जमुना राम मेमोरियल स्कूल चितबड़ागांव के प्रबंध निदेशक तुषार नन्द ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच शुभारंभ कराया। कृष्णा शिक्षा निकेतन इंटरमीडिएट नरहीं के एनसीसी कैडेटों द्वारा खेल मैदान पर टेबल ड्रिल और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। इस दौरान भारत माता के जयकारों से खेल मैदान गूंज उठा।

मंगलवार को खेले गए फाइनल मैच में के एफ सी भोजपुर बिहार व युवक संघ नरहीं के बीच खेला गया मैच शुरू होने के21 वें मिनट में नरहीं के खिलाड़ी हिमांशु राय ने गोल करने में सफल रहे दूसरा गोल नरहीं के खिलाड़ी नीतीश श्याम ने 41 वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई जो अंत तक कायम रहा इस प्रकार नरहीं की टीम 2-0 से विजयी रही। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार नरहीं के नीतीश श्याम और मैन ऑफ सीरीज भी नरहीं के हिमांशु राय व वेस्ट गोलकीपर सौरभ समीर राय को दिया गया।

इस दौरान हजारों की संख्या में उपस्थित फुटबॉल प्रेमीयों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे। निर्णायक की भूमिकाअमल कुंवर ,राजू कुमार, चंद्रकांत राय एवं अंकित कुमार ने निभाई । कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्णा शिक्षा निकेतन के प्रबंधक रविकांत उपाध्याय ने किया संचालन अनूप राय चन्दन, पियूष राय ने किया इस मौके पर ग्राम प्रधान रामनारायण पासवान, सुरेंद्र नाथ राय दरोगा, शशिभूषण ठाकुर, सुभाष चन्द्र राय,अम्बुज राय, मनीष राय, जीतेन्द्र नाथ राय,रजनीश, बब्बन राय,अमरदेव राय,सुंदरम राय,सौरभ समीर राय, अविनाश राय अंकित, अग्निवेश, शिवम्,मोहित आदि लोग उपस्थित रहे।

एक नजर

2024 के पहले केंद्र सरकार को बना देना चाहिए लव जिहाद कानून: प्रवीण तोगड़िया

बलिया। उठो हिंदू, जागो हिंदू, वीर हिंदू, विजेता हिंदू, हिंदु ही आगे... नामक विचार गोष्ठी का आयोजन सोमवार को नगर के टाउन हाल बापू भवन में आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में विश्व विख्यात कैंसर सर्जन व अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक अध्यक्ष डा. प्रवीण तोगड़िया ने अपनी ओजस्वी भाषण से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को काशी मथुरा और लव जेहाद के लिए 2024 लोकसभा चुनाव से पूर्व कानून बना देना चाहिए। कहा है कि बेटियों की सुरक्षा के लिए सख्त कानून होना चाहिए। कहा कि जहां मोदी और योगी हैं वहां कानून बनते देर नहीं लगेगी। पत्रकारों से बातचीत के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में श्री तोगड़िया ने कहा कि रामचरित मानस पर विवादित टिप्पणी करने वाले पूर्व मंत्री, सपा एमएलसी एवं राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्या सस्ती लोकप्रियता के लिए उलजलूल बयान दे रहे हैं।

सेना के जवान का शव पहुंचते गांव में छाया मातम

बिल्थरारोड। लखनऊ में सेना के जवान सैय्यद सलाउद्दीन की ड्यूटी के दौरान हृदयगति रुकने से मौत होने के बाद तिरंगे में लिपटा शव सोमवार की देर रात उनके गांव बिठुआ पहुँचते ही परिजनों समेत पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। मंगलवार के सुबह पुलिस व सेना के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ आनर देने के उपरांत गांव के कब्रगाह में उन्हें सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। जानकारी के अनुसार उभांव थाना क्षेत्र के बिठुआँ गांव निवासी सैय्यद सलाउद्दीन दुगार्पुर में सीआरपीएफ में सब इंस्पेक्टर थे। इन दिनों वह अपनी बटालियन के साथ लखनऊ आये थे। सोमवार को ड्यूटी के दौरान सुबह के समय अचानक दिल का दौरा पड़ा और उनकी मौत हो गई। उनके निधन की सूचना मिलते ही ग्रामवासियों में शोक की लहर दौड़ गई।

जेएनसीयू में वॉल मैगजीन अनुकृति का शुभारंभ

बलिया। तीन दिवसीय कला महोत्सव के अंतर्गत जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में दूसरे दिन अंग्रेजी विभाग द्वारा संपादित वॉल मैगजीन (भिन्न पत्रिका) अनुकृति का कुलपति प्रो० कल्पलता पाण्डेय द्वारा उद्घाटन किया गया। यह पत्रिका एम०ए० प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्रों मनीष सिंह, शिवम शुक्ला, कृति सिंह, तोशी एवं नम्रता पटेल द्वारा तैयार किया गया । कुलपति प्रो कल्पलता पाण्डेय ने इस अवसर पर कहा कि सभी विभाग अपने-अपने विभाग में वॉल मैगजीन की शुरूआत करके छात्र-छात्राओं में सृजन विकसित कर सकते हैं ।

सरायभारती एक गन्ने के खेत में तेंदुए के मिलने की सूचना से लोगों में दहशत

मऊ। जनपद के सीमावर्ती रसड़ा कोतवाली थाना अंतर्गत बलिया जनपद के सरायभारती ग्राम पंचायत स्थित एक गन्ने के खेत में तेंदुए के मिलने की सूचना से मऊ जनपद के रतनपुरा ब्लाक के कई गांवों के लोगों में दहशत व्याप्त है। स्थानीय ब्लाक के गुलौरी, दतौडा , नंगवा, खिल्ला , ठैचा, कोहिंया , आदि गांव सराय भारती ग्राम पंचायत से सटे है। इस लिए इन गांवों के आस पास के लोगो में भारी भय एवं दहशत व्याप्त है। रसड़ा थाना क्षेत्र के सरायभारती निवासी रामअवध यादव के गन्ने खेत के आस पास बन विभाग के अधिकारी तलाश में लगे हुए है। तेंदुए ने अब तक दो पालतू कुत्तों का शिकार कर चुका है। गन्ने खेत के आस पास तेंदुए के पैर के निशान पाए गए हैं।

रेलवे अंडरपास के पास रास्ते की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

मऊ। कोपागंज क्षेत्र के ग्राम सभा लारनपुर में रेलवे अंडरपास के पास रास्ते की मांग को लेकर मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। सभी का कहना था वर्षो से देवकली विशुनपुर और लारनपुर के लोग इस रास्ते से आते जाते है जिसको रेलवे विभाग ने अंडरपास बनाने के दौरान बंद कर दिया है। सभी ने कहा की अगर रास्ते को नहीं खोला गया सभी ग्रामवासी सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे। बताते चलें कि कोपागंज क्षेत्र के ग्राम लारनपुर में रेलवे द्वारा अंडरपास का निर्माण कराया गया है। अंडरपास निर्माण के पूर्व में लारनपुर के लोग देवकली ग्राम सभा में जाने के लिए रेलवे की जमीन पर स्थित रास्ते का प्रयोग करते थे। रेलवे द्वारा अंडरपास बनाने से और रेलवे लाइन विछाने से लारनपुर -देवकली मार्ग को बंद कर दिया गया है। मार्ग बंद होने से ग्रामीणों को काफी दूरी तय करके देवकली जाना पड़ रहा है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों ने रेलवे से रास्ते की मांग करते हुए प्रदर्शन किया।

जिला अस्पताल के डॉक्टर, फार्मासिस्ट को नोटिस

बलिया। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में दवा होने के बावजूद मरीज को बाहर की दवा लिखने मामले में सीएमएस डा. दिवाकर सिंह ने चिकित्सक व फार्मासिस्ट को नोटिस जारी किया है। सीएमएस की इस कार्रवाई से चिकित्सकों व फार्मासिस्टों में हडकंप की स्थिति है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि जिला अस्पताल में चिकित्सकों व फार्मासिस्टों द्वारा बाहर की दवा लिखने की शिकायत आए दिन सीएमएस के पास जाती है। लेकिन होता कुछ नहीं है। लेकिन इस बार सीएमएस डा. दिवाकर सिंह को शायद सद्बुद्धि आई या यूं कहे शासन की हनक कि उन्हें आखिरकार चिकित्सक व फार्मासिस्ट को नोटिस जारी करना पड़ा।

विधिक साक्षरता शिविर कार्यक्रम का आयोजन

गाजीपुर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में तथा प्रभारी जनपद न्यायाधीश के आदेश पर मंगलवार को वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण अधिनियम 2007 के तहत विधिक साक्षरता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वृद्धजन आवास/वृद्धाश्रम, लंगड़पुर, छावनी लाईन, गाजीपुर में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्णकालिक सचिव, श्रीमती कामायनी दूबे, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर ने वृद्धजन आवास/वृद्धाश्रम की पूर्णतया: जानकारी ली तथा परिसर में साफ-सफाई एवं स्वच्छ पानी व मीनू के अनुसार भोजन एवं ठण्ड से बचाव के लिए कपडे.तथा समुचित प्रबंध हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए दिशा-निर्देश दिया गया।